गौरा रानी के प्यारे नैना भोले से लड़े

भोले से लड़े हाँ भोले से लड़े,
गौरा रानी के प्यारे नैना भोले से लड़े......

भोली भाली छवि भोले की गौरा के मन भाई,
भोले सुरत मोहनी मूरत हृदय बीच बसाई,
शंकर भोले के दीवाने नंदी सेवा में खड़े,
गौरा रानी के प्यारे नैना भोले से लड़े.......

मेरे भोले भंडारी की जटा में गंगा बहती,
गौरा रानी की नथनिया में हीरे है जड़े,
गौरा रानी के प्यारे नैना भोले से लड़े......

मेरे भोले भंडारी के गले में सर्पो की माला,
गौरा रानी के हारों में हीरे है जड़े,
गौरा रानी के प्यारे नैना भोले से लड़े.......

डम डम डम डम डमरू बाजे भोले भंडारी का,
गौरा रानी की पायल में घुंघरू जड़े,
गौरा रानी के प्यारे नैना भोले से लड़े.......

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/29978/title/gaura-rani-ke-pyare-naina-bhole-se-lade

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |